Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 22-03-2006

Participants : Barq Shri Shafiqur Rahman

an>

Title : Need to set up a Heavy Industry in Moradabad, Uttar Pradesh.

डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क (मुरादाबाद) : अध्यक्ष महोदय, मुरादाबाद जिला जो मेरा संसदीय क्षेत्र है, की आबादी लगभग 40 लाख है। जिले के साथ साथ यहां कमिश्नरी व डीआरएम आदि केन्द्र सरकार के कइ ऑफिस भी हैं1 बड़ी रेलवे लाइन व नेशनल हाइवे से बखूबी जुड़ा है और एयरपोर्ट का प्रस्ताव भी गया हुआ है। पीतल उद्योग का यह एक बहुत बड़ा कारोबारी व एक्सपोर्ट सेंटर है। यहां से करोड़ों रूपये की विदेशी मुद्रा सरकार को हर साल प्राप्त होती है। लेकिन इतना सब होने के बावजूद यहां केन्द्र सरकार द्वारा एक भी बड़ी इंडस्ट्री नहीं लगायी गयी है, जिसका अफसोस है। मेरे जिले की आबादी हर साल बहुत तेजी से बढ़ रही है। आबादी बढ़ने के साथ साथ बेरोजगारी भी तेजी से बढ़ी है। पिछले कुछ सालों से पीतल उद्योग के कारोबार में भी गिरावजट आयी है, जिसकी वजह से तमाम लोग बेरोजगार हो रहे हैं जो कि एक बेहद फिक्र की बात है1

इसलिए आपसे मेरी दरख्वास्त है कि आप मेरे इस औद्योगिक शहर मुरादाबाद में केन्द्र सरकार द्वारा एक बड़ी इंडस्ट्री जल्द से जल्द लगवाने की मेहरबानी करें।